News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-132

पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

यूँ ही नहीं मिलती सफलता बहुत कुछ खोना पड़ता है, मेहनत और लगन के धागों को हौंसलों से पिरोना पड़ता है।

# बिहार सिटी चीफ



CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, शुक्रवार 16 अगस्त 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

# बक्सर में आजादी दिवस पर मिठाई नहीं मिलने से नाराज हुए छात्र





**चन्दन कुमार चौबे। सिटी चीफ**

बक्सर, बक्सर के मुरार हाई स्कूल में गुरुवार को नाराज छात्रों ने शिक्षकों की पीट डाला। इसके बाद, शिक्षक प्रधानाध्यापक के साथ शिकायत लेकर मुरार थाना पहुंचे।

हालांकि, तब थाने में ध्वजारोहण कार्यक्रम चल रहा था, जिसकी वजह से प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए इंतजार करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार को मुरार हाई स्कूल परिसर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण समारोह के बाद मेन गेट के बाहर खड़े कुछ बच्चे शिक्षकों से मिठाई मांग रहे थे, लेकिन शिक्षक गैर छात्र होने की बात कह कर आनाकानी कर रहे थे।इस दौरान, कुछ गैर छात्र शिक्षकों के साथ उलझ गए, जिससे एक शिक्षक गिर गए।

यह देखकर पंकज कुमार नामक शिक्षक वहां पहुंचे और बच्चों के साथ हाथापाई करने लगे। बच्चे मुख्य सड़क पर हंगामा करने लगे।इसकी सूचना मिलते ही मुरार पुलिस मौके पर पहुंची और नाराज बच्चों को समझाकर शांत कराई। कुछ नहीं देर के बाद शिक्षक अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान कोरान सराय-बगेन मुख्य मार्ग पर कथित छात्र पंकज कुमार नामक शिक्षक को घेरकर गाली गलौज और मारपीट करने लगे, तब तक पीछे से अन्य कई शिक्षक पहुंच गए।वहां से कुछ शिक्षक मुरार थाना में शिकायत दर्ज कराने के लिए पहुंचे, लेकिन यहां ध्वजारोहण समारोह चल रहा था और शिक्षकों ने पुलिस को इसकी जानकारी देने के बाद रास्ता बदलकर अपने घर पहुंचे।मौके पर मौजूद कुछ बच्चों का आरोप है कि पहले इस स्कूल में छात्र और गैर छात्र सभी को मिठाई मिलता था, और इसी के चलते लोग पहुंचते हैं,

लेकिन गुरुवार को आजादी दिवस पर बच्चे मिठाई मांग रहे थे, तो शिक्षकों ने बदसलूकी की।हालांकि, प्रधानाध्यापक सुशील कुमार ने बताया कि यह कहानी मनगढ़ंत है।

थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय ने बताया कि शिक्षकों के साथ मारपीट की जानकारी मिली है और पुलिस इस मामले में कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

# मिथिला पेंटिंग की शिल्पगुरु पद्मश्री गोदावरी दत्त का निधन

## राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

मिथिला चित्रकला के लिए प्रसिद्ध चित्रकार व पद्मश्री से सम्मानित गोदावरी दत्त का निधन हो गया। 93 साल की उम्र में रांटी गांव में बुधवार की दोपहर सवा 12 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। एक सप्ताह से वो कोमा में थी। प्रसिद्ध शिल्पकार के निधन से पूरे बिहार में शोक की लहर है। राजकीय सम्मान के साथ शव का अंतिम संस्कार होगा। मधुबनी पेंटिंग को पहचान दिलाने में उनकी बड़ी भूमिका थी।

बताया जाता है कि मधुबनी मेडिकल सेंटर के डॉक्टर ने किडनी खराब होने की जानकारी परिजनों को दी थी और मरीज को हायर सेंटर रेफर कर दिया था। कोमा में जाने के बाद परिजन उन्हें घर लेकर आ गए। बता दें कि पद्मश्री गोदावरी दत्त ने मधुबनी पेंटिंग कला को देश और विदेशों में पहचान दिलाई।

वो अक्सर कहा करती थी आज मैं जो कुछ भी हूं, वह इसी कला की बदौलत ही हूं। मिथिला चित्रकला के लिए प्रसिद्ध चित्रकार व पद्मश्री से सम्मानित गोदावरी दत्त के पार्थिव शरीर को मधुबनी के राजनगर प्रखंड के रांटी गांव स्थित आवास के आंगन में रखा



गया है। शव के अंतिम दर्शन के लिए लोग उनके घर पर पहुंच गये हैं। राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार होगा।

बता दें कि गोदावरी दत्त को 2006 में शिल्प गुरु सम्मान, 12 मार्च 2019 को दरभंगा विश्वविद्यालय ने डिलीट की मानद उपाधि दी थी। 16 मार्च 2019 को भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के द्वारा पद्धमश्री सम्मान से इन्हें सम्मानित किया गया था। उनके साथ घर में एक पुत्र अवकाश प्राप्त बैंक प्रबंधक,चार पोती, एक पोती रहते थे। गोदावरी दत्त के निधन की खबर से पूरे बिहार में शोक की लहर दौड़ गयी। लोग अंतिम दर्शन के लिए घर पर पहुंच रहे हैं।

### नीतीश कुमार ने किया झंडोत्तोलन

# गांधी मैदान से CM का वादा- बिहार के लोगों को 34 लाख रोजगार देंगे

**चन्दन कुमार चौबे। सिटी चीफ**

पटना, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान में झंडोत्तोलन किया. वहीं, बिहार के लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि जब से उनकी सरकार बनी है, तब से हर क्षेत्र में विकास हुआ है. उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण और कानून-व्यवस्था समेत तमाम क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहे हैं.



अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू परिवार पर निशाना साधते हुए कहा, क्या किया सिर्फ परिवार को आगे बढ़ाया. पहले पत्नी को बना दिया, फिर बेटा-बेटी को बढ़ाया. हम लोग कभी किए ये सब. वहीं, पत्रकार से कहा कि हम आप लोगों से नाराज नहीं है, आप लोगों की इजत करते हैं और सम्मान देते रहते हैं लेकिन देख लीजिए पहले क्या था, अब क्या किया गया है?

मुख्यमंत्री ने कहा कि कब्रिस्तान की घेराबंदी के बाद मंदिरों की भी घेराबंदी की जा रही है. मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 में बिहार का बजट केवल 28000 करोड़ था, अब बढ़ते-बढ़ते 278000 करोड़ हो गया है. सीएम ने कहा कि हम लोग विशेष राय या आर्थिक मदद की मांग करते रहे हैं. हमें खुशी है कि कई क्षेत्र में मदद मिली है. मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को गांधी मैदान से धन्यवाद भी दिया.

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा विधानसभा चुनाव से पहले 10 लाख की जगह 12 लाख नौकरी हम लोग देंगे. उन्होंने कहा कि 24 लाख रोजगार लोगों को दे दिया गया है. चुनाव से पहले 10 लाख और रोजगार देने का लक्ष्य है. सीएम ने कहा कि 34 लाख रोजगार हम लोग दे देंगे.

### पटना में BJP नेता की हत्या

# बाइक सवार 2 बदमाशों ने गोली मारी



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, पटना में बीजेपी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. बाइक सवार दो शख्स उन्हें गोली मारकर मौके से फरार हो गए. यह घटना पटना सिटी के आलमगंज थाना इलाके के बजरंगपुरी में हुई. बीजेपी के स्थानीय नेता अजय साह (50) को बीती रात दस बजे उनके घर के पास गोली मारी गई. अजय साह बीजेपी के पटना जिले के महामंत्री थे. उनके घर के पास ही उनका मिल्क पार्लर चलता था. अपराधियों ने जिस वक्त उन्हें गोली मारी, उस वक्त वे अपने मिल्क पार्लर में ही बैठे थे. पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है.

# बिहार में बारिश और वज्रपात को लेकर अलर्ट



**चन्दन कुमार चौबे। सिटी चीफ**

पटना, बिहार में मौसम बदल रहा है. मौसम विभाग ने बुधवार को राय के कई जिलों में बारिश और वज्रपात की संभावना जतायी है. मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने बारिश और वज्रपात वाले इलाके को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. झमाझम बारिश के साथ तेज आंधी की भी संभावना है. हालांकि कुछ जिलों में मौसम में कोई परिवर्तन देखने को नहीं मिलेगा.

बुधवार को बिहार में बारिश को लेकर जारी पूर्वानुमान के अनुसार गोपालगंज, शेखपुरा, पश्चिम और पूर्वी चंपारण, सारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, वैशाली, जहानाबाद, गया, नालंदा, नवादा, दरभंगा और मधुबनी में भारी बारिश, गर्जन, वज्रपात और आंधी को लेकर संभावना जतायी है. इन सभी जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है.

# नालंदा में साइबर अपराधियों ने युवक को अगवा कर उतारा मौत के घाट, पुलिस मुखबिरी को लेकर हत्या की आशंका

नालंदा में 20 साल के एक युवक को अगवा कर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी गई। मामला मानपुर थानाक्षेत्र के नेवाजी बीघा के पास गोड़धोबा नदी का है। मृतक की पहचान सिलाव थानाक्षेत्र के डोडाचक निवासी अशोक यादव के बेटे गणेश कुमार (20) के रूप में की गई है। गणेश वर्तमान में अपने ननिहाल नेवाजी बीघा गांव में रह रहा था। शव घर से एक किलोमीटर दूर बरामद किया गया है। पास में ही युवक की मोटरसाइकिल भी जली हुई अवस्था में बरामद की गई है। घटना को लेकर गणेश कुमार की पत्नी रिया राज ने बताया कि गांव के ही विक्रम कुमार ने गुरुवार की शाम फोन कर उन्हें बाहर बुलाया। फिर गणेश कुमार की हत्या करवा दी गई। पहले अपराधियों ने आंख फोड़ दी, फिर चाभी से शरीर में गोद दिया और बेरहमी से हत्या कर दी। गणेश के भाई कुंदन कुमार ने बताया कि गांव में कुछ लोग साइबर क्राइम से जुड़े हुए हैं, जिसकी सूचना उसका भाई लोकल पुलिस को देता था। इसकी भनक साइबर अपराधियों को लग गई थी। इसके बाद अपराधी गणेश कुमार की हत्या करने की साजिश में जुट गए। कुंदन ने आगे बताया कि उनका भाई गणेश दीपनगर थानाक्षेत्र के ग्रीन व्यू होटल के पास रुका हुआ था। तभी आठ मोटरसाइकिलों पर सवार कुल 16 लोग आए और उसके भाई को वहां से घसीटते हुए मारपीट करते हुए ले गए।

# मोतिहारी में कुल्हाड़ी से काटकर युवती को मार डाला, प्रेमी पर हत्या का आरोप



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पूर्वी चंपारण, पूर्वी चंपारण के मधुबन थाना क्षेत्र से एक युवती की कुल्हाड़ी से काट कर हत्या करने का मामला सामने आया है. घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के पास से कुल्हाड़ी को बरामद कर लिया है. घटना मधुबन थाना क्षेत्र के एक गांव की है.मृतका मधुबन निवासी बतायी जाती है और उसकी उम्र 19 साल के करीब है. पुलिस के अनुसार युवती अपनी नानी के घर रह रही थी. हत्या के पीछे की वजह पूर्व का प्रेम प्रसंग सामने आ रहा है. युवती के हत्या का आरोप उसके पूर्व प्रेमी पर मृतका की नानी और उसकी बहन ने आरोप लगाया है.घटना के संबंध में मृतका की नानी ने बताया कि मेरी नतनी मेरी सेवा करने के लिए मेरे पास रहती थी. मेरा बेटा और बहू भूटान में रहते हैं, इसलिए वह मेरे पास रहती थी. इसी बीच पड़ोस के ही रहने वाले चुन्नू राम से उसको प्रेम हो गया.

नानी ने आगे बताया कि गांव में ही पंचायती कर मामले को शांत करा दिया गया, लेकिन चुन्नू लगातार धमकी दे रहा था कि अगर हम से शादी नहीं करोगी तो जान से मार देंगे. इसी बीच युवती सभी को खाना खिलाकर दरवाजे पर निकली और लापता हो गई. उसकी खोजबीन करने के लिए निकली. लगभग दो बजे लौटी तो उसका दुपट्टा दरवाजे पर था और खून से लथपथ उसका शव घर पर पड़ा था.

एक युवती की हत्या कुल्हाड़ी से काट कर की गई है. युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.घटना की जांच की जा रही है.- सुबोध कुमार,पकड़ीदयाल डीएसपी